मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई-अगस्त, 2005 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 25 जुलाई, 2005 (श्रावण 3, 1927)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री गोविंद नारायण सिंह, भूतपूर्व राज्यपाल बिहार एवं भूतपूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश,
(2) श्री विष्णुकांत शास्त्री, भूतपूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश,
(3) श्री सुन्दर सिंह भंडारी, भूतपूर्व राज्यपाल बिहार,
(4) श्री रामचन्द्र माहेश्वरी, भूतपूर्व उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश विधान सभा,
(5) डॉ. गौरीशंकर शास्त्री, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(6) श्री परमानंद भाई पटेल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(7) श्री गौरीशंकर शुक्ला, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(8) श्री रमाकांत खोड़े, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(9) श्री अवन्तिका प्रसाद मरमट, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(10) श्री बैजनाथ प्रसाद सक्सेना, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(11) श्री के.पी. बस्तवार, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा; तथा
(12) श्रीमती गिरजा कुमारी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3.अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, राज्यमंत्री विधि और विधायी कार्य, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार निम्नलिखित अध्यादेशों को पटल पर रखेंगे :-

(1) मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान (संशोधन) अध्यादेश, 2005 (क्रमांक 1 सन् 2005) ;तथा
(2) मध्यप्रदेश जिला योजना समिति (संशोधन) अध्यादेश, 2005 (क्रमांक 2 सन् 2005).

4. फरवरी-मार्च, 2005 सत्र निर्धारित अवधि से पूर्व स्थगित हो जाने के फलस्वरूप शेष दिनांकों के प्रश्नोत्तरों का संकलन तथा इसी सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

5. नियम 267-क के अधीन फरवरी-मार्च, 2005 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

6. राष्ट्रपति/राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

7. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री राजनारायण सिंह पुरनी, सदस्य, खंडवा के बुरहानपुर वन मंडल में सागोन के वृक्षों की कटाई किये जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री बृजेन्द्र तिवारी, सदस्य, ग्वालियर जिले के घाटीगांव विकास खण्ड की जनपद को सूखाग्रस्त की सूची से निकाले जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

8. सभापति तालिका की घोषणा

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 24 जुलाई, 2005